WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 342 मेरठ, बुधवार 30 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




# पाईप पेयजल योजनाएं उच्च गुणवत्ता की हो व निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण कराया जाये: जिलाधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिषन कार्यक्रम के अंतर्गत पाईप पेयजल योजना से आच्छादित करने के संबंध में विकास भवन सभागार में आहूत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिषन समिति की बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में रू0 106.33 करोड़ की 32 परियोजनाओ पर चर्चा हुयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों की टीम बनाकर डीपीआर को चौक कराने के निर्देष दिये है तदुपरांत संस्तुति दी जायेगी व राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिषन समिति को स्वी ति व बजट आवंटन हेतु प्रेषित की जायेगी। सभी पाईप पेयजल परियोजनाएं सौर ऊर्जा से संचालित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी पाईप पेयजल योजनाएं जनपद में बने वह उच्च गुणवत्ता की हो तथा निध ारित समयसीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण कराया जाये। उन्होने कहा कि जल जीवन मिषन का प्रमुख ध्येय प्रदेश व जनपद की समस्त ग्रामीण बस्तियो को मार्च 2024 तक पाईप पेयजल योजनाओ से आच्छादित करते हुये क्रियाषील गृह संयोजन के माध्यम से स्वच्छ जलापूर्ति सुनिष्चित किया जाना है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक चोधरी ने बताया कि रू0 02 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओ की डीपीआर, डिजाईन, ड्राईग जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिषन के द्वारा अपनी संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिषन को उपलब्ध कराने का प्रावधान है। उन्होने बताया कि आज की बैठक में प्रस्तुत सभी पाईप पेयजल परियोजनाएं सौर ऊर्जा से संचालित होगी। उन्होने बताया कि संबंधि ात कंपनी को 10 वर्ष का मेनटिनेन्स भी करना होगा। अधिषासी अभियंता जल निगम मुकेश पाल सिंह ने बताया कि गत 05 जून को जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने 11 पाईप पेयजल योजनाएं स्वी त की है। उन्होने बताया कि आज की बैठक में 32 परियोजनाएं प्रस्तुत की गयी। उन्होने बताया कि गाईडलाईन के अनुसार योजना की प्रति व्यक्ति लागत रू0 06 हजार रखी गयी है लेकिन समस्त 32 नग परियोजनाओ की डीपीआर की औसतन प्रति व्यक्ति लागत रू0 5819 है। उन्होने बताया कि जल जीवन मिषन अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिषन द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 पॉवर मैक प्रोजेक्ट एवं भूरतनम कन्स्ट्रक्षन हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिषन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देषानुसार जनपद मेरठ में 32 नग पेयजल योजनाओं की डीपीआर प्रस्तुत की गयी है। उन्होने बताया कि डीपीआर की कुल लागत में वर्क कोस्ट, 02 प्रतिषत कन्टीजेन्सी, 12.50 प्रतिषत विभागीय सेन्टेज तथा 12 प्रतिषत जीएसटी को सम्मिलित किया गया है। उन्होने बताया कि आज रू0 10633.27 लाख की 32 परियोजनाओ पर चर्चा हुयी उनमें ब्लॉक जानी खुर्द की ग्राम पूठरी व काजमाबाद गून, ब्लॉक सरूरपुर खुर्द का ग्राम सरूरपुर खुर्द, ब्लॉक रोहटा के ग्राम शेखपुरी, गोविन्दपुर घसौली, कैथवाडी, ब्लॉक सरधना के ग्राम कुषावली, जलालपुर अखेपुर, कपसाड़, अटेरना, ब्लॉक दौराला के ग्राम दुल्हैडा चौहान, ब्लॉक मेरठ के ग्राम बाजौट, बहादरपुर, छज्जूपुर, ब्लॉक रजपुरा के ग्राम ज्ञानपुर, मुजफ्फरपुर सैनी, मेदपुर, कुनकुरा, नंगली आजमाबाद, आलमपुर बुजुर्ग, ब्लॉक खरखौदा के ग्राम जसौरी, छतरी, खंदावली, रसुलपूर धन्तला, पांची, नालपुर, सादुल्लापुर उर्फ चंद्रपुरा, फकरपुर कबट्टा, ब्लॉक हस्तिनापुर के ग्राम शाहपुर, ब्लॉक माछरा के ग्राम दबथला, पसवाड़ा व ब्लॉक मवाना के ग्राम किशनपुर बिराना में पाईप पेयजल योजनाएं है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी डी0एन0 तिवारी, जिला षि अधिकारी प्रमोद सिरोही, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण, संबंधित एजेन्सी व एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# रालोद के हंगामे के बाद ममता का पर्चा हुआ वैध

विपुल जैन

**मेरठ दर्पण-बागपत।** बागपत जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव को लेकर सियासी ड्रामा थमने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार को एक बार फिर बड़ा खेल खेला गया। कुछ घंटे पहले तक तो जिला प्रशासन यह दावा कर रहा था कि रालोद की प्रत्याशी ममता जयकिशोर ने अपना नामांकन वापस ले लिया है, लेकिन रालोद के हंगामे के बाद जिला प्रशासन बैकफुट पर आ गया है और ममता जयकिशोर का पर्चा वैध घोषित कर दिया है। बागपत में जिला पंचायत की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। जिले में अनुसूचित जाति की केवल दो महिलाएं ममता जयकिशोर और बबली निर्वाचित हुई थी। जिनमें से एक रालोद और दूसरी सपा में शामिल थी। भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा की कोई अनुसूचित जाति की जिला पंचायत की सदस्य ना जीतने के कारण बबली को भाजपा पार्टी में शामिल कराकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था। नामांकन के दिन बीजेपी ने सुबह चार बजे ममता जयकिशोर को भी भाजपा में शामिल करने की घोषणा कर दी थी। जिसके बाद भाजपा के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना बन गई थी, लेकिन कुछ ही घंटों बाद ममता जयकिशोर ने रालोद में वापसी की घोषणा करते हुए अपना नामांकन दाखिल कर दिया था। मंगलवार की सुबह ममता के नाम वापसी की चर्चा फैल गई, जबकि ममता ने फेसबुक लाइव कराकर बताया कि वो जयपुर राजस्थान के भरतपुर में अपने दोनों प्रस्तावकों और जिला पंचायत के 14 सदस्यों के साथ मौजूद है। उनके नाम से नामांकन वापसी की बात कही जा रही है वो फर्जी है। जिसके बाद रालोद कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर हंगामा कर दिया। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौध री के दिशा-निर्देश पर लोनी से रालोद के वरिष्ठ नेता मजहर अली अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बागपत पहुंचे और उन्होंने कलक्ट्रेट का घेराव कर जमकर हंगामा किया। हंगामे को देखते हुए जिला प्रशासन बैकफुट पर आ गया और जिला प्रशासन ने ममता का नामांकन वैध घोषित कर दिया है। अब ममता और भाजपा की बबली के बीच मुकाबला होगा। जिला प्रशासन ने कहा है कि जिस महिला ने ममता के नाम पर नामाकंन वापिस लिया है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## मेरठ को नही मिली कोरोना वेक्सीन,बुधवार को टीकाकरण अभियान को लगेगा ब्रेक

**मेरठ दर्पण-मेराठ।** मेरठह्नमें स्वास्थ्य विभाग को वैक्सीन नहीं मिली है, जिस कारण बुधवार को होने वाला टीकाकरण नहीं होगा। ऐसा पिछले करीब 4 माह में पहली बार है जब टीकाकरण बिल्कुल नहीं होगा। पिछले 4 माह में रविवार को छोड़कर हर रोज टीकाकरण किया जा रहा था। वैक्सीन न आने के कारण स्लश्वट भी नहीं डाले गए हैं। पिछले एक सप्ताह से वैक्सीन की किल्लत के चलते एक-एक दिन के स्लश्वट डाले जा रहे थे। सीएमओ डश्व अखिलेश मोहन का कहना है कि एक जुलाई से बड़े स्तर पर टीकाकरण का अभियान चलाया जाना है। मेरठ स्वास्थ्य विभाग अपने हिस्से की वैक्सीन पूरी इस्तेमाल कर चुका है, इसलिए वैक्सीन नहीं मिली है। अब उम्मीद है कि बुधवार को वैक्सीन आएगी जिसका इस्तेमाल एक जुलाई से होने वाले टीकाकरण के महा अभियान में किया जाएगा। एक जुलाई से करीब सवा चार सौ से ज्यादा बूथों पर टीका लगाए जाने की तैयारी है। एक माह में करीब 14 लाख लोगों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है।

## विपक्ष का एक और प्यादा पहुंचा भाजपा के खेमे में, जिला पंचायत सदस्य जरीन ने केन्द्रीय मंत्री को सौंपा समर्थन पत्र



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समस्त विपक्ष जिसके लिए जिला प्रशासन से लड रहा था स उसी में आज अपना समर्थन अर्जुन पहलवान की उपस्थिति में केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान को सौंपा स समाजवादी पार्टी सहित तमाम विपक्ष वार्ड 41 की जिला पंचायत सदस्य जरीन के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सुर्खियों में रहा है वहीं दूसरी ओर वार्ड 41 की जिला पंचायत सदस्या जरीन ने केन्द्रीय मन्त्री संजीव बालियान जी के द्वारा अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशी को दे दिया।

# भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 35वे दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाकियू युवा नेता उज्जवल सरूरपुर ने बताया कि किसानो की अनदेखी ने मोदी सरकार का असली चेहरा अब देश के युवाओ के सामने ला दिया है अब युवाओ का मोदी सरकार पर बना विश्वास पुरी तरह से खंडित हो चुका है । आज देश का युवा किसानो के साथ आंदोलन मे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है और अब युवा कृषि कानूनो की वापसी तक इस महा आंदोलन मे पुर्ण भागीदारी निभाता रहेगा । मोदी सरकार के 2 करोड़ बेरोजगारो को प्रति वर्ष रोजगार के जुमले से युवा खुद को ठगा महसूस कर रहा है और इसका खामियाजा सरकार को चुनावी दौर मे उठाना पड़ेगा। आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप



से सतीश इलमसिंह, मेराज सिवाया, तेजपाल शादीपुर, सुशील कुमार पटेल, गौरव इलमसिंह, गौरव तेवतिया, देवेन्द्र जमालपुर, धीरेन्द्र छुर्र, जसवीर सिंह, हर्ष, अनिल चौधरी, मोहन वीर तालियान, अंकित डांगी, जगत सिंह राठी, सतवीर जंगेठी आदि मौजूद रहे

# सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का शुभारंभ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में मॉल रोड स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में मंगलवार को भाजपा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का शुभारंभ किया। बताया गया कि जागरूक नागरिक एसोसियेशन के सहयोग से इसे 28 हजार रुपये तैयार कराया गया है।ह्न एसोसियेशन के महासचिव गिरीश शुक्ला ने बताया कि इसका निर्माण हमने कोरोना काल से पहले किया था लेकिन, शुभारंभ नहीं हो पाया था। इसने हाल ही में दो दिन हुई बारिश से ढाई हजार वर्ग मीटर में भरे पानी को सहेजा।ह्न वहीं आसपास आवासीय कॉलोनी में भरा पानी भी आ गया। इससे हमें पता चल गया कि ये प्रयास भी सफलतापूर्वक हो गया है। एसोसियेशन अभी तक 100 रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा चुका है। इस एसोसियेशन ने ही बाबा औघड़नाथ मंदिर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लगाया था। वहीं, चर्च परिसर में कदम्ब का पौधा भी लगाया गया। इस मौके पर डी. के पॉल, फादर कंफर्ट आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन मेरठ की एक बैठक आयोजित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन मेरठ की एक विस्तार सभा सांधन गांव,तहसील मवाना में आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता यशपाल सिंह ने की विस्तार सभा में जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी की स्वीकृति से सोसिंह प्रधान जिला उपाध्यक्ष व हरेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मवाना द्वारा मनोज कुमार पुत्र जय सिंह को ग्राम सांधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विस्तार क्रम मे नवनियुक्त ग्राम सांधन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने जिला नेतृत्व के सम्मुख अपने ग्राम की 21 पदाधिकारीयो की सूची सौंप कर स्वी त कराई । विस्तार सभा मे मुख्य रूप से विलियम प्रधान भैंसा, सतीश इलमसिंह, बबलू जिटोली, जगत सिंह राठी, सुभाष, अक्षित चौधरी, वैभव, उज्जवल सरूरपुर, मुकेश, कमर पाल, हरीश आदि उपस्थित रहे ।

# मेरी गुठली मेरा पेड़-जमा कराएं अपनी आम या जामुन की गुठलियां




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान का अंतिम दिन 30 जून 2021, जमा कराएं अपनी आम या जामुन की गुठलियां। एनवायरमेंट क्लब और वन विभाग मेरठ का 1 सप्ताह का मेरी गुठली मेरा पेड़ अभियान अपने अंतिम चरण में है। आज इस अभियान के सातवें दिन श्रीमल्हू सिंह मटौर कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ नीरा तोमर ने क्लब को आम व जामुन की गुठलियां दीं और अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का व विभाग का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। डीएफओ राजेश कुमार ने बताया कि 30 जून 2021 इस अभियान का अंतिम दिवस है, जिसमें प्रातः 9 से 11 के बीच आकर कोई भी मेरठवासी सर्किट हाउस पौधशाला में अपनी गुठलियों को जमा करा सकता है और इसका हिस्सा बन सकता है। क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया ने कहा कि 11रू00 बजे के बाद सभी गुठलियों की गणना करने के बाद इन्हें डीएफओ साहब को सौंप दिया जाएगा जिससे आगे पेड़ उगाए जाएंगे।

# कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग और सर्व समाज व कल्याण समिति की संयुक्त बैठक




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कसेरूखेड़ा के संत रविदास सरस्वती, शिशु मंदिर, स्कूल में कोरोना की तीसरी लहर से बचाव व कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग और सर्व समाज व कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सर के प्रभारी डॉ फैसल और मेडिकल ऑफिसर डॉ सोनम ने कसेरूखेड़ा के निवासियों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाने के लिए वैक्सीनेशन कराने की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने देशवासियों को कोरोना की तीसरी लहर से बचाने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली है. 1 जुलाई से कोई भी 18 वर्ष से ऊपर की उम्र के युवक-युवतियां स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर बिना पंजीकरण कराये वैक्सीन लगवा सकते हैं. इस मौंके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के कोरोना से बचाव के लिए लोगों को मेडिकल किट भी वितरित की गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य कपिल शर्मा, कसेरूखेड़ा पार्षद विजय सोनकर, गंगानगर पार्षद गुलबीर सिंह, गंगानगर मंडल अध्यक्ष मुकेश धस्माना, सर्व समाज व कल्याण समिति के अध यक्ष नरेंद्र यादव, राजीव रस्तोगी, इंद्रजीत कोरी, धनराज कोरी, पारस गुप्ता, पुष्पेंद्र राजपूत, धर्म सिंह तोमर, सुरेश कुमार, दिलावर सिंह आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# विधायक सोमेन्द्र तोमर ने किया नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष गौरव चौधरी कुसेड़ी मंगलवार को कचहरी परिसर स्थित जिलाधिकारी कोर्ट से प्रमाण पत्र लेने के उपरांत मेरठ दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर के शास्त्रीनगर स्थित कार्यालय पहुँचे जहाँ उनका विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने भव्य स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में बिना भेदभाव किये विकास कार्य कराए जाएंगे। विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि यह जीत सभी मेरठ वासियों की जीत है। सभी ने मेरठ के विकास के लिए एक युवा, ऊर्जावान और शिक्षित साथी को चुना है। विधायक सोमेन्द्र तोमर ने जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी को अपनी शुभकामनाएं दी और उनके स्वर्णिम कार्यकाल की कामना की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुज राठी, रविन्द्र पाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू गगोल, भूदेव शर्मा, नितिन शर्मा, अतुल पुनिया, नवाजिश, अंकित मोतला, सुनील प्रधान, दीपक गुन आदि मौजूद रहे।

# कोरोना काल में मृतको के परिजनों का दर्द हम सबको बांटना चाहिएः अंशु अग्रवाल



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** चैन्नई, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा कोविड-19 काल के दौरान दिवंगत बंधुओं को, दीपांजलि एवम श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने कोविड नियमों का पालन करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की । सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं कार्यकर्म के संयोजक अजयकांत गर्ग मथुरा के संयोजन में सभी सदस्यों ने सपरिवार हिस्सा लिया। उनके बच्चों ने भी श्रद्धांजलि में भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सभी सदस्यों को अपनों के द्वारा अपनों को पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में एक आठ वर्ष के बच्चे द्वारा अपने नाना को श्रद्धांजलि देते हुए देखकर सभी की आंखें नम हो गयी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के मैसूर कार्यकारिणी द्वारा भी श्रृद्धांजलि दी गयी, मैसूर की अध्यक्षा ने बताया कि सभी पदाधिकारियों ने सोशियल डिस्टेंस का पालन करते हुए दीप जलाकर श्रृद्धांजलि दी, उन्होने बताया कि समिति सदस्यों ओर पदाधिकारियों के परिजनों ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्षा अंशु अग्रवाल, पूजा मोदी, कुमुद बजरंग खेमका, उषा केडिया, दीपा जालूका का सहयोग रहा।

# वृक्ष ही जीवन है: डा राजीव गुप्ता



**मेरठ दर्पण-बागपत।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति जनपद बागपत की युवा कार्यकारिणी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के युवा जिलाध्यक्ष विपिन माहेश्वरी के संयोजन में ललियाना गांव में आयोजित पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि समिति प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव गुप्ता ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है, हमे हर त्योहार ओर पर्व ओर त्यौहार पर पौधारोपण करने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर समिति के बागपत युवा जिलाध्यक्ष विपिन माहेश्वरी ने बताया कि संगठन ने पूरे प्रदेश में 11000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत जनपदवार ओर जिला कमैटियो ने नगर नगर में लक्ष्य विभाजित किये है, इस अवसर समिति के जिला अध्यक्ष राममोहन गुप्ता ने बताया कि बागपत जनपद का लक्ष्य 251 पौधे लगाने का है जिनको जनपद के चहुंओर लगाये जा रहे हैं तीन बार पौधारोपण हो चुका, जिनमें से 51 पौधे आज रोपित किये गये है जिसमे पीपल वट वृक्ष, नीम आम जामुन अशोक के पौधे शामिल है। इस अवसर पर सचिन माहेश्वरी, राकेश, मोहित, शोभित, विकास, मनोज आदि का सहयोग रहा

# 2022 चुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा प्रभारी मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया मुजफ्फरनगर का दौरा, वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी मंत्री राधा मोहन मंगलवार को मुजफ्फरनगर पहुंचे यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया प्रदेश भाजपा प्रभारी मंत्री राधा मोहन का यह दौरा 2022 चुनाव को लेकर बड़ा मुख्य माना जा रहा है और इस पर बड़ी रणनीति बनाई जा रही है यहां पहुंचने पर उनके द्वारा बैठक की गई जिसमें मंडल के सभी बीजेपी पदाधिकारियों के साथ गोपनीय बैठक की गई।

इस बैठक में मुजफ्फरनगर, सहारनपुर शामली के भाजपा के दिग्गजों के साथ जमीनी चर्चा करते हुए रणनीति तय की पश्चिम यूपी के इन जनपदों मे जाट वोट बैंक बहुतायत स्थिति में होने के कारण और किसानों की अच्छी खासी तादात होने के कारण विशेष माना जाता है बैठक में नाराज लोगो व किसानों को मनाने की कवायद पर कार्यकर्तओं को निर्देश दिए गए है प्रभारी मंत्री द्वारा एक के बाद एक सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के दिग्गजों के साथ बैठक की गई प्रभारी मंत्री द्वारा मुजफ्फरनगर की गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर बैठक की गई।




भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधा मोहन सिंह का जनपद में पधारने पर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता व जिला मंत्री त्यागी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया स्वागत

## सहारनपुर पुलिस ने 8 दिन में किया 8 लाख की लूट का खुलासा, 8 लूटेरे गिरफ्तार




**मेरठ दर्पण-सहारनपुर।** क्राइम ब्रांच व देवबन्द पुलिस की सयुक्त टीम को बड़ी कामयाबी मिली। सयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद अन्तर्राजिय गिरोह के 8 शातिर लूटेरों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इनके कब्जे से लूट के 5 लाख 82 हजार रुपये नगद, अवैध पिस्टल, तमंचे, कारतूस व एक मोटरसाइकिल, ऑल्टो कार बरामद की है। एसएसपी डॉक्टर एस चन्नाप्पा ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता कर उक्त गुडवर्क का अनावरण करते हुए बताया कि 21 जून को लालवाला रास्ते पर श्मशान घाट के निकट किसान सहकारी समिति लिद्द जड़ौदा जट के कैडर सचिव विनोद कुमार त्यागी के साथ 4 बदमाशों ने तमंचे दिखाकर व जान से मारने की धमकी देकर 8 लाख रुपये की धनराशि व रसीद बुक, खाद गोदामों की चाबियां, अन्य सामान लूट लिया था, दो लूटेरों अमित व विकास का लम्बा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी है, सयुक्त पुलिस टीम ने 8 दिनों में उक्त 8 लाख की घटना का खुलासा किया है, पुलिस के अनुसार लूटेरों के नाम सिकन्दर पुत्र सूरजपाल निवासी ग्राम रनखंडी, काशी उर्फ आकाश पुत्र बीरबल निवासी सत्ती कॉलोनी जिला कैथल हरियाणा, करण पुत्र योगेंद्र निवासी रनखण्डी, करण पुत्र रमेश निवासी बेहड़ा थाना बड़गांव, विकास उर्फ राहुल पुत्र यशपाल निवासी ग्राम घड़ी पट्टी जहाज वाला जिला कैथल हरियाणा, विशाल पुत्र अशोक निवासी रनखंडी, आरिफ पुत्र जावेद निवासी हथछोया थाना झिंझाना जनपद शामली, अमित पुत्र गिरधारी निवासी आखेपुर थाना सरधना जनपद मेरठ बताए है। खुलासा करने वाली टीम में स्वाट, अभिसूचनाविंग व सर्विलांस सहित देवबन्द पुलिस की सयुक्त टीम शामिल रही।

## कोविड-19 हेल्प डेस्क का उद्घाटन




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कोविड-19 हेल्प डेस्क का उद्घाटन दौराला सरकारी अस्पताल में जिलाध्यक्ष अनुज राठी, कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन मनिंदर पाल सिंह, मंडल अध्यक्ष रवि बटजेवरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर दौराला अस्पताल प्रभारी आशुतोष कुमार, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज गोयल, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल, मंडल महामंत्री नवाब अहलावत,रवि पुनिया,नवीन शर्मा, मनोज शर्मा,शरद मुद्गल,नरेश तोमर,कुँवर पाल,प्रशांत शर्मा, सुभाष शर्मा, धर्मेन्द्र अहलावत,हरेंद्र सिंह, चिरोडी,अभिनव आदि उपस्थित रहे।

## जनकल्याण समिति ने की पत्रकारवार्ता



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में आज एक पत्रकारवार्ता के दौरान जनकल्याण समिति की सचिव योगेश ने जनकल्याण समिति के अन्य सदस्यों के साथ जानकारी देते हुए बताया की वो पिछले 3 वर्षो से समाज में फैली कुरूतियो को दूर करने का सकल्प लिए निर्धन और असहाय महिलाओ और युवतियों को बिना किसी सरकारी सहायता के समाज सेवा के उद्देशीय से निशुल्क सिलाईए कढ़ाई एबुनाई और ब्यूटीशियन का परिशिक्षण दे रही है। पिछले वर्ष कोरोना काल से लेकर अभीतक लगभग दो सो से ज्यादा महिलाओ और युवतियों को परिशिक्षण देकर अपनी इस मुहिम को आगे बड़ा रही है। योगेश का कहना है की आज के दौर में महिलाओ के साथ होने वाले अत्याचार और अपराध का विरोध करते हुए में उन महिलाओ और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिए इस कार्य को अंजाम दे रही हूँ।

## विकासखंड सदर में संचारी रोग से संबंधित ग्राम प्रधानों की बैठक

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** विकासखंड सदर में आज संचारी रोग से संबंधित ग्राम प्रधानों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें यूनिसेफ से उपस्थित संदीप पुंडीर डश्वक्टर महक सिंह सीएससी प्रभारी,खंड विकास अधिकारी डश्वक्टर नेहा शर्मा तथा सहायक विकास अधिकारी प्रेम सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा द्वारा इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई इसके साथ साथ ही ग्राम प्रधानों को मुख्यमंत्री द्वारा नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को संदेश की प्रति भी उपलब्ध कराई गई।



## हस्तिनापुर का मासिक अभयास वर्ग का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जनपद मेरठ के परिक्षतगढ़ थाना के परिक्षतगढ़ के रामलीला मैदान में संच परिक्षतगढ़ तथा हस्तिनापुर का मासिक अभयास वर्ग का आयोजन किया गया।अभयास वर्ग में आचार्य ने योग,भारतीय संस्कृति व हिन्दू धर्म से जुड़ी आदि जानकारी दी गई।जिसमें मुख्य अतिथि संच अध्यक्ष मोहित रस्तोगी गोविन्दपुरी ने दीप प्रज्वलन कर कर अभ्यास वर्ग का प्रारंभ किया तथा उपाध्यक्ष रोहित भी रहे, संभाग पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा के प्रशिक्षण प्रमुख रामबदन ने मार्गदर्शन क्या तथा भाग सहारनपुर के भाग अभियान प्रमुख जितेंद्र एवं अंचल लक्ष्मी नगर के अभियान प्रमुख



नवबहार तथा अंचल लक्ष्मी नगर के गतिविधि प्रमुख विपिन कुमार एवं सच परीक्षितगढ़ के संच प्रमुख अक्षय कुमार तथा आचार्य सीमा यादव,अंचल, हरविंदर, आसाराम, राहुल, हिमांशु त्यागी, वंदना एवं समस्त आचार्य मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी द्वारा वोटर को जागरूक करने के उद्देश्य से वोटर जागरूकता कैंप किया आयोजित

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा वोटरों को जागरूक करने के अभियान के अंतर्गत सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल द्वारा आज नई मंडी के बिंदल बाजार में वोटर जागरूकता कैम्प आयोजित किया गया। सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल द्वारा आयोजित वोटर कैम्प का उद्घाटन अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल प्रदेश महामंत्री संजय मित्तल द्वारा किया गया। कैम्प में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव स्वरूप सपा के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन,सपा जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह भाटी, सपा नगर महासचिव शलभ गुप्ता,सपा अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डश्व इसरार अल्वी,सपा ब्लश्वक अध्यक्ष सावन कुमार एडवोकेट,सपा के जिला अश्वडिटर आशुतोष त्यागी एडवोकेट ने पहुंचकर मतदातातो से मजबूत लोकतंत्र व सही सरकार के चयन के लिए नई वोट





बनवाने वोट की त्रुटि समाजवादी वोटर कैम्प की सहायता से करने की अपील की। वोटर कैम्प में अनेक लोगो ने पहुंचकर नई वोट के लिए सैकड़ो फार्म सपा कैम्प में मौजूद टीम से बनवाये। सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने कैम्प में पहुंचे क्षेत्रवासियो से कहा कि वह सदर विधानसभा पर प्रत्येक पात्र व्यक्ति की शत प्रतिशत वोट बनवाने के उद्देश्य से जगह जगह सपा के वोटर कैम्प आयोजित कर रहे हैं जिसका जनता में लाभ के साथ अच्छा सन्देश पहुंच रहा है। इस दौरान नई मंडी के व्यापार मंडल अध्यक्ष इन्द्रसेन बिंदल,पीयूष सिंघल,डश्व पुनीत सिंघल,विजय बाटा,आशु गुप्ता,सोनू वाल्मीकि,संजीव शास्त्री,मधुसूदन अग्रवाल,नीरज सिंघल,मनीष कश्यप, सुरेंद्रनाथ मित्तल,सभाष मित्तल, मोहन कुमार, सचिन गोयल,राजीव गोयल,अमन गर्ग,अमित गर्ग आदि मौजूद रहे।

## आर्मी की भर्ती प्रक्रिया पूरी ना होने पर दर्जनों युवाओं ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में लगातार दो वर्षो से इंडियन आर्मी की भर्ती प्रक्रिया नहीं हो पा रही है, केंद्रीय मंत्री व सांसद डश्वक्टर संजीव बालियान ने मुजफ्फरनगर क्षेत्र के आस पास के जनपदों के युवाओं के लिए इंडियन आर्मी की भर्ती मुजफ्फरनगर में कराने का केंद्र सरकार से अध्यादेश जारी किया था लेकिन कोरोना के चलते हुए वह भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी! इसी कड़ी में आज आर्मी भर्ती की तैयारियां कर रहे दर्जनों युवा डीएम कार्यालय पर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी! युवाओं ने बताया कि 2 वर्षो से आर्मी भर्ती मुजफ्फरनगर में नहीं हुई है, हम लोग दिन रात मेहनत करके तैयारियां कर रही है और अब हमारी ओवरएज होती जा रही है जबकि यह भर्ती प्रक्रिया 2 साल पहले होनी थी लेकिन एआरओ मेरठ के अंतर्गत आने वाली सभी जिलों की भर्तियां रद्द होती जा रही है! अगर आर्मी भर्ती की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगे ओर उग्र आंदोलन करेंगे प्रदर्शन करने में दर्जनों युवा मौजूद रहे।

## बुढ़ाना थाना प्रभारी एमएस गिल का जलवा कायम

### बुढाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गोकशी करने को लेकर किया गिरफ्तार

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार जनपद मुजफ्फरनगर में वाछिंत ध्वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय बुढ़ाना एम0एस0गिल के कुशल निर्देशन में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को मय 40 KG गौमास व गौकशी करने के उपकरण मय एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 खोका व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व थाना हाजा के मुकदमें मे वाछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 29.06.2021 को उ0नि0 श्री अनिल कुमार तोमर मय उ0नि0 श्री विक्रम सिहं भाटी मय हमराह है0का0 451 महेन्द्र सिहं बाबू मय का0 1034 तेजेन्द्र सिहं धामा व का0 377 कौशल



कुमार व का0 408 अकिंत कुमार द्वारा शोभाराम के बाग के पास गन्ने के खेत जंगल ग्राम उमरपुर से एक अभियुक्त लियाकत पुत्र रहमत निवासी ग्राम उमरपुर थाना बुढ़ाना मु0नगर को मय 40 ज्ञ गौमांस मय गौकशी करने के उपकरण मय एक अदद तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के गिरफ्तार किया गया उक्त के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0–228ध्21 धारा 307 भादवि0 ,मु0अ0स0–3/25/27 आर्म्स एक्ट , मु0अ0स0–230/21 धारा 3/5/8 CS ACT पंजी त कर जेल भेजा गया। दिनांक 29.06.2021 को उ0नि0 श्री अनिल कुमार मय हमराह है0का0 06 सतीश कुमार मय का0 705 अनिल कुमार द्वारा वाछिंत अभियुक्त संदीप पुत्र राम बहादुर निवासी ग्राम लोधान पुरवा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गौडा को बायवाला चौकी के पास बुढ़ाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जो थाना हाजा के मुकदमे मे काफी समय से वाछिंत चल रहा था । जिसके विरूध्द थाना हाजा पर मु0अ0स0–67/2021 धारा 363/376 IPC व = पोक्सो एक्ट पंजीकृत है को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## गौकशी में वांछित चल रहे अपराधी को दधेडु चौकी इंचार्ज संजय राणा ने किया गिरफ्तार



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर/चरथावल।** ग्राम निर्धना में छापेमारी करते हुए पुलिस ने गोकशी में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है। ।दरअसल चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम निर्धना में गोकशी में वांछित अपराधी कहीं जाने की फिराक में है सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दधेडु चौकी इंचार्ज संजय राणा ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आरोपी याकूब पुत्र अब्दुल हयी निवासी ग्राम निर्धना को दबौच लिया।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया है

## शेरनगर निवासी प्रेमी युगल पहुँचा वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय जान को बताया खतरा, लगाई सुरक्षा की गुहार



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के एसएसपी कार्यालय पर आज एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय से जान कि सुरक्षा की प्रेमी युगल ने लगाई गुहार। शेरनगर निवासी प्रेमी युगल पहुँचा वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय, युवती ने परिजनों से अपनी व अपने पति की जान को बताया खतरा, लगाई सुरक्षा की गुहार।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।